# HINDI

## PAPER-III

## OCT-14/05

Name & Signature of the Invigilator

..............................................

..............................................

ICR Answer Sheet No. : | | | | | |

Roll No. : | | | | | |

Roll Number in words : ..........................................

..................................................................................

**Time : 2.30 Hours]** **No. of Printed Pages : 24** **[Maximum Marks : 150**

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **Seventy five (75)** multiple choice type questions. **All** questions are compulsory.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to candidate. In the first 5 minutes, candidate is requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (*i*) To have access to the question booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (*ii*) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of five minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (*iii*) After this verification is over, the test booklet number should be entered in the ICR answer sheet and the ICR Answer Sheet number should be entered on this test booklet.
4. Each item has upto four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). The answer should be a capital letter for the selected option. The answer letter should entirely be contained within the corresponding square.

   Correct method **A** Wrong method **A** OR **A**

5. Your responses to the items for this paper are to be indicated on the ICR Answer Sheet under Paper III only.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough work is to be done in the end of the booklet only.
8. You have to return the original ICR Answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the examination hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of ICR sheet and test booklet on conclusion of the examination.
9. Use black ball point pen.
10. Use of any Calculators or log tables or any other electronic devices is prohibited.
11. There shall be no negative marking.
12. In case of any discrepancy in Gujarati and English version of questions the English version should be taken as final.

SEAL

**પરીક્ષાર્થીઓ માટે સૂચનાઓ :**

1. આ પાનાની ટોચમાં દર્શાવેલી જગ્યામાં તમારો રોલનંબર લખો.
2. આ પ્રશ્નપત્રમાં બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવતા કુલ **પંચોતેર (૭૫)** પ્રશ્નો આપેલા છે. **બધા જ** પ્રશ્નો ફરજિયાત છે.
3. પરીક્ષાની શરૂઆતમાં ઉમેદવારને પ્રશ્નપુસ્તિકા આપવામાં આવશે. પ્રથમ ૫ મિનિટ દરમ્યાન, ઉમેદવારે પ્રશ્નપુસ્તિકા ખોલી અને ફરજિયાતપણે નીચે મુજબ પરીક્ષણ કરવું.
   (*i*) પ્રશ્નપુસ્તિકાનો વપરાશ કરવા માટે આ કવર પેજની ધાર પર આપેલ સીલ ફાડી નાખો. કોઈપણ સંજોગોમાં સીલ સ્ટીકર વગરની કે ખુલ્લી પ્રશ્નપુસ્તિકા સ્વીકારશો નહીં.
   (*ii*) કવર પૃષ્ઠ પર છપાયેલ નિર્દેશાનુસાર પ્રશ્નપુસ્તિકાના પ્રશ્નો પૃષ્ઠો અને સંખ્યાને બરાબર ચકાસી લો. ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા કે જેમાં પૃષ્ઠો/પ્રશ્નો ઓછા હોય, બે વાર છપાયા હોય, અનુક્રમમાં અથવા કોઈ અન્ય ફરક હોય અર્થાત કોઈપણ કારણે ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા સ્વીકારવી નહીં. એને જો ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા મળી હોય તો નિરીક્ષક પાસેથી તુરંત જ બીજી સારી પ્રશ્નપુસ્તિકા મેળવી લેવી. આ માટે ઉમેદવારને પાંચ મિનિટનો સમયગાળો આપવામાં આવશે. પછીથી, પ્રશ્નપુસ્તિકા બદલવામાં આવશે નહીં કે કોઈ વધારાનો સમય પણ આપવામાં આવશે નહીં.
   (*iii*) આ ચકાસણી સમાપ્ત થાયપછી, ટેસ્ટ પુસ્તિકા નંબર ICR જવાબ પત્રકમાં લખવો અને ICR જવાબ પત્રક નંબર પ્રશ્નપુસ્તિકા પર લખવો.
4. પ્રત્યેક પ્રશ્ન માટે ચાર ઉત્તર વિકલ્પ (A), (B), (C) અને (D) આપવામાં આવેલ છે. પસંદગીનો જવાબ માત્ર અંગ્રેજી કેપીટલ મૂળાક્ષર દ્વારા જ આપવો. પસંદ કરેલ અંગ્રેજી કેપીટલ અક્ષર આપેલ ખાનામાં સંપૂર્ણ રીતે સમાઈ જાય તે રીતે લખવો.

   સાચી રીત : **A** ખોટી રીત : **A** અથવા **A**

5. આ પ્રશ્નપુસ્તિકાના પ્રશ્નોના જવાબ અલગથી આપવામાં આવેલ ICR જવાબ પત્રકમાં પેપર—૩ લખેલ વિભાગમાં જ લખવા.
6. અંદર આપેલ સૂચનાઓ ધ્યાનપૂર્વક વાંચો.
7. આ પ્રશ્નપુસ્તિકાની અંતે આપેલ પાનું રફ કામ માટે છે.
8. પરીક્ષા સમય પૂરો થઈ ગયા પછી ઓરીજીનલ ICR જવાબ પત્રક જે તે નિરીક્ષકને ફરજીયાત સોંપી દેવું અને કોઈપણ સંજોગોમાં પરીક્ષાખંડની બહાર જઈ શકશે નહીં. પરીક્ષા પૂર્ણ થયા બાદ ઉમેદવાર પ્રશ્નપુસ્તિકા તથા ICR જવાબવહીની ડુપ્લિકેટ કોપી પોતાની સાથે લઈ જઈ શકે છે.
9. માત્ર કાળી પેન/કાળી બોલ પેન વાપરવી.
10. કેલ્કયુલેટર અને અન્ય ઈલેક્ટ્રોનિક યંત્રોનો ઉપયોગ કરવાની મનાઈ છે.
11. ખોટા જવાબ માટે નેગેટિવ ગુણાંકન પ્રથા નથી.
12. પ્રશ્નપુસ્તિકાના કોઈ પ્રશ્નમાં અનુવાદ અંગે કોઈ વિવાદ/મતભેદ જણાય તો અંગ્રેજી વર્ઝન યોગ્ય ગણાશે.

# HINDI

## PAPER - III

**नोट** : इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के दो अंक हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

---

1. भक्ति आंदोलन को भारतीय चिंताधारा का स्वाभाविक विकास किसने माना ?

   (A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल  (B) तुलसीदास

   (C) हजारीप्रसाद द्विवेदी  (D) नामदेव

2. निम्नलिखित में से 'चर्यापद' पुस्तक के रचयिता कौन हैं ?

   (A) सरहपा  (B) लुइपा

   (C) शबरपा  (D) कण्हपा

3. 'ढोला-मारू रा दूहा' में कौनसा रस है ?

   (A) वीर रस  (B) श्रृंगार रस

   (C) हास्य रस  (D) भयानक रस

4. 'तंत न जानूं, मंत्र न जानू, जानूं सुंदर काया' पंक्ति किसकी है ?

   (A) रैदास  (B) दादूदयाल

   (C) संत सींगा  (D) कबीर

5. रामभक्त कवि नाभादास के गुरु कौन थे ?

(A) अग्रदास (B) ईश्वरदास

(C) नाभादास (D) प्रियादास

6. रससिंगार मंजन किये, कंजन भंजन दैन।

अंजन रंजन हूँ बिना, खंजन गंजन नैन॥

यह उक्ति है :

(A) भूषण की (B) बिहारी की

(C) वृन्द की (D) केशव की

7. बिहारी के दोहे किस भाषा में हैं ?

(A) ब्रज (B) अवधी

(C) खड़ी बोली (D) मगही

8. मन जैसे कछु तुम्हें चाहत है, सो बखानियै कैसे सुजान ही हौं ।

इन प्राननि एक सदा गति रावरे, बावरे लौं लगिये नित लौं॥

उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता हैं :

(A) बिहारी (B) भूषण

(C) घनानन्द (D) केशव

9. निम्नलिखित में कौन रीतिमुक्त कवि हैं ?

(A) चिन्तामणि (B) भिखारीदास

(C) सेनापति (D) बोधा

10. निम्नलिखित में से कौनसा केशव का ग्रंथ नहीं है ?

(A) रसिकप्रिया (B) कविप्रिया

(C) रसविलास (D) रामचन्द्रिका

11. 'कविवचन सुधा' के सम्पादक हैं :

(A) बाबू गोपाल चन्द्र (B) बालमुकुन्द गुप्त

(C) भारतेन्दु (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

12. डा. नगेन्द्र पुनर्जागरण काल का समय मानते हैं :

(A) 1900–1918 (B) 1857–1900

(C) 1800–1900 (D) 1918–1938

13. 'धन्यभूमि भारत सब रतननि की उपजावनि', यह उक्ति है :

(A) भारतेन्दु की

(B) प्रतापनारायण मिश्र की

(C) प्रेमघन की

(D) राधाकृष्ण दास की

14. 'पावस पचासा' के रचनाकार हैं :

(A) अम्बिकादत्त व्यास

(B) गोविन्द गिल्ला भाई

(C) प्रतापनारायण मिश्र

(D) हरिनाथ पाठक

15. कामायनी में प्रसाद ने किसे प्रतिष्ठित करना चाहा है ?

(A) समरसता

(B) संघर्ष

(C) अकेलापन

(D) द्वन्द्व

16. अज्ञेय ने 'प्रयोग' शब्द को किस सप्तक में स्पष्ट किया ?

(A) तारसप्तक

(B) दूसरा सप्तक

(C) तीसरा सप्तक

(D) चौथा सप्तक

17. निम्नलिखित में से कौन 'तारसप्तक' का कवि **नहीं** है ?

(A) अज्ञेय (B) मुक्तिबोध

(C) नेमिचंद्र जैन (D) धर्मवीर भारती

18. 'मैंने उसको जब-जब देखा-लोहा देखा।

लोहा जैसा तपते देखा/गलते देखा/ढलते देखा।

मैंने उसको गोली जैसा चलते देखा'

ये किसकी पंक्तियाँ हैं ?

(A) केदारनाथ अग्रवाल (B) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(C) अज्ञेय (D) शमशेर

19. निम्नलिखित में से किसका संबंध मनोविश्लेषणवाद से **नहीं** है ?

(A) फ्रायड (B) एडलर

(C) युंग (D) डार्विन

20. निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सही** है ?

(A) जिसने कामायनी की रचना की है, उसी ने 'ईदगाह' की भी रचना की है।

(B) गोदान और आकाशदीप के रचनाकार एक ही हैं।

(C) ज्ञानरंजन और अज्ञेय एक ही काल खंड के रचनाकार हैं।

(D) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' अनूदित कृति नहीं है, वरन् मौलिक कृति है।

21. 'गोदान' के बारे में कौनसा कथन **सही** है ?

(A) गोदान में सीमांत किसानों का दर्द अभिव्यक्त हुआ है।

(B) किसान का प्रमुख शत्रु जमींदार है।

(C) धनिया अगर झगड़ाखोर न होती, तो होरी का जीवन आराम से गुजरता।

(D) गोबर यदि आलसी न होता, तो गाँव में ही रहता।

22. 'नई कहानी' का लेखक कौन है ?

(A) अज्ञेय
(B) निर्मल वर्मा
(C) काशीनाथ सिंह
(D) जैनेन्द्र कुमार

23. 'मैला आँचल' में डॉ. प्रशांत किससे प्रेम करने लग जाते हैं ?

(A) कमली
(B) लक्ष्मी
(C) रामपिरिया
(D) फुलिया

24. 'मैला आँचल' में किस गाँव की कथा है ?

(A) बेलारी
(B) मेरीगंज
(C) डाल्टनगंज
(D) अररिया

25. 'चन्द्रगुप्त' का सम्बन्ध किस साम्राज्य से है ?

(A) गुप्त साम्राज्य

(B) मौर्य साम्राज्य

(C) नालंदा साम्राज्य

(D) तक्षशिला साम्राज्य

26. 'आधे-अधूरे' में सावित्री के पति का नाम क्या है ?

(A) महेन्द्रनाथ

(B) जगमोहन

(C) जुनेजा

(D) काले सूट वाला आदमी

27. 'चन्द्रगुप्त' नाटक में 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' शीर्षक गीत किसने गाया है ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) चाणक्य

(C) कार्नेलिया

(D) कोमा

28. ध्रुवस्वामिनी ने किससे मोक्ष प्राप्त किया था ?

(A) रामगुप्त से

(B) चन्द्रगुप्त से

(C) शकराज से

(D) सेल्युकस से

29. सावित्री का बेटा अशोक क्या करता है ?

(A) पढ़ता है

(B) नौकरी करता है

(C) व्यापार करता है

(D) बेरोज़गार है

30. 'अंधायुग' का प्रमुख पात्र कौन है ?

(A) अश्वत्थामा

(B) भीम

(C) नकुल

(D) सहदेव

31. रमणीय अर्थ के प्रतिपादक शब्द को काव्य किसने माना है ?

(A) आचार्य मम्मट

(B) पंडितराज जगन्नाथ

(C) कविराज विश्वनाथ

(D) आनन्दवर्द्धन

32. वक्रोक्ति सम्प्रदाय की प्रतिष्ठा किसने की है ?

(A) वामन

(B) कुन्तक

(C) विश्वनाथ

(D) अभिनव गुप्त

33. रसराज पदवी से किस रस को विभूषित किया गया है ?

(A) वीर
(B) करुण
(C) श्रृंगार
(D) शांत

34. 'काव्यस्यात्मा ध्वनिरिति' किसने कहा है ?

(A) वामन
(B) रुद्रट
(C) आनन्दवर्द्धन
(D) मम्मट

35. किसका संबंध अलंकार सम्प्रदाय से **नहीं** है ?

(A) भामह
(B) दण्डी
(C) रुद्रट
(D) कुंतक

36. मिथक का संबंध समाज से है, प्रकृति से नहीं। यह विचार किसका है ?

(A) डर्कहोम
(B) फ्रायड
(C) हरडर
(D) विको

37. बिंबवाद आंदोलन के अगुआ थे :

(A) अर्न्स्ट फिशर
(B) एजरा पाउंड
(C) वर्ड्सवर्थ
(D) टी.एस. इलियट

38. निम्न में से संरचनावाद से संबंधित **नहीं** है :

(A) विको
(B) सास्यूर
(C) लेवी स्त्रौस
(D) रेनेवेलेक

39. निम्न में से किसके अनुसार अजनबीपन (एलियनेशन) सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों की देन है ?

(A) मार्क्स
(B) सार्त्र
(C) इलियट
(D) एडलर

40. निम्न में से किसने अपने को प्रच्छन्न मार्क्सवादी कहा है ?

(A) जाक देरिदा
(B) फूको
(C) एटोनेरे
(D) ब्रेख्त

41. राम-भगति-परि जाकौ हित चित

ताकौ अचिरज काहा रे।

यह किसने कहा है ?

(A) तुलसीदास (B) कबीरदास

(C) जायसी (D) सूरदास

42. कोटि स्वर्ग सम सुख अनुमानत हरि समीप समता नहिं पावत।

थकित सिंधु-नौका के खग ज्यों फिरि-फिरि फेर वहै गुन गावत॥

ये पंक्तियाँ कहाँ से उद्धृत हैं ?

(A) नागमती वियोग वर्णन (B) भ्रमरगीत सार

(C) कबीर के दोहा-पद (D) रामचरितमानस

43. फागुन पवन झकोरा बहा।

चौगुन सीउ जाइ नहिं सहा॥

ये पंक्तियाँ पद्मावत के किस खंड में हैं ?

(A) षड्ऋतु वर्णन खंड (B) नागमती संदेश खंड

(C) मानसरोदक खंड (D) नागमती वियोग खंड

44. तुम्हहि बिचारि कहहु नरनाहा। प्रभु तजि भवन काज मम काहा॥

बालक ग्यान बुद्धि बल हीना। राखहु सरन नाथ जन दीना॥

यह किसका कथन है ?

(A) लक्ष्मण
(B) हनुमान
(C) अंगद
(D) सुग्रीव

45. पैरों में महसूस करता हूँ धरती का फैलाव

हाथों में महसूस करता हूँ दिशाएँ

सांसों से अनुभव करता हूँ दुनिया

मस्तक अनुभव करता है, आकाश

उपर्युक्त काव्य पंक्तियाँ कहाँ से ली गयी हैं ?

(A) कामायनी
(B) नदी के द्वीप
(C) अंधेरे में
(D) कुकुरमुत्ता

46. कौनसा उपन्यास आत्मकथात्मक है ?

(A) बाणभट्ट की आत्मकथा
(B) विराटा की पद्मिनी
(C) चित्रलेखा
(D) सोना और खून

47. ''मैला आँचल'' का प्रथम प्रकाशन काल है :

(A) 1952 ई.
(B) 1953 ई.
(C) 1954 ई.
(D) 1955 ई.

48. 'प्रेम एक ओर अवियोग्य है। उसे केवल ईर्ष्या और असूया ही विभाजित करके छोटा कर देते हैं ।' यह किसने कहा ?

(A) भट्टिनी
(B) निपुणिका
(C) वासवदत्ता
(D) बाण

49. 'शेखर एक जीवनी' में शेखर की ईश्वर के प्रति आस्था नहीं थी क्योंकि :

(A) वह ईश्वर में आस्था नहीं रखता था

(B) ईश्वर ज्ञान के मार्ग में सबसे बड़ा रोड़ा है

(C) वह व्यक्तिवादी है

(D) उसकी समाज के प्रति विद्रोह की प्रवृत्ति है।

50. कौनसा कहानी संग्रह प्रसाद का **नहीं** है ?

(A) इन्द्रजाल (B) छाया

(C) प्रेरणा (D) आँधी

51. 'चौसठि दीवा जोइ करि, चौदह चंदा माहि'—इस पंक्ति में 'चौदह चंदा' किसका प्रतीक है ?

(A) चौदह कलाएँ (B) चौदह विद्याएँ

(C) चौदह मायाएँ (D) चौदह ज्ञान

52. निम्न में से इन्हें भी कबीर का गुरु माना जाता है :

(A) निजामुद्दीन ओलिया (B) मुइनुद्दीन चिश्ती

(C) शेख तकी (D) मलिक मोहम्मद जायसी

53. "बूझत स्याम कौन तू गोरी।

कहाँ रहति, काकी है बेटी, देखी नहीं कहूँ ब्रज खोरी॥"

इन काव्य पंक्तियों में है :

(A) स्वाभाविक संवाद योजना (B) अलंकरण

(C) ब्याजस्तुति (D) मानवीकरण

54. 'कत विधि सूजी नारि जग मांहि। पराधीन सपनेहुं सुख नाहिं ॥

यह पंक्ति किसकी है ?

(A) कबीर (B) तुलसीदास

(C) सूरदास (D) मीराबाई

55. ''हृदय ही तुम्हें दान कर दिया / क्षुद्र था उसने गर्व किया/

तुम्हें पाया अगाध गंभीर / कहाँ जलबिंदु, कहाँ निधिनीर/''

ये पंक्तियाँ किसकी हैं ?

(A) महादेवी (B) आरसीप्रसाद सिंह

(C) पंत (D) जयशंकर प्रसाद

56. छायावाद को 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' किस आलोचक ने माना है ?

(A) रामविलास शर्मा

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) निर्मला जैन

(D) नंददुलारे वाजपेयी

57. 'उसने कहा था' कहानी किस पत्रिका में सर्वप्रथम छपी थी ?

(A) सरस्वती (B) बालाबोधिनी

(C) स्त्री दर्पण (D) माधुरी

58. 'मनुष्यों की मुक्ति की तरह कविता की भी मुक्ति होती है, मनुष्य की मुक्ति, कर्म के बंधन से छुटकारा पाना है और कविता की मुक्ति छन्दों के शासन से अलग हो जाना है''– यह किसका कथन है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) निराला (D) रामविलास शर्मा

59. 'तुम वहन कर सको जन मन में मेरे विचार,

वाणी मेरी चाहिए, तुझको क्या अलंकार।

इन पंक्तियों के रचयिता हैं –

(A) महादेवी वर्मा (B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(C) जयशंकर प्रसाद (D) सुमित्रानन्दन पंत

60. 'परीक्षा गुरु' के लेखक हैं :

(A) लज्जाराम शर्मा

(B) लाला श्रीनिवासदास

(C) बाबू देवकीनन्दन खत्री

(D) प्रेमचन्द

61. 'चन्द्रकान्ता' उपन्यास में कौनसी शैली अपनाई गई है ?

(A) किस्सागोई
(B) डायरी शैली
(C) पत्र शैली
(D) मनोविश्लेषण शैली

62. 'चतुर मनुष्य को जितने खर्च में अच्छी प्रतिष्ठा अथवा धन मिल सकता है, मूर्ख को उससे अधिक खर्चने पर भी कुछ नहीं मिलता।''

ये किस उपन्यास की पंक्तियाँ हैं ?

(A) सेवासदन
(B) परीक्षा गुरु
(C) भाग्यवती
(D) चन्द्रकान्ता

63. निम्न पंक्तियाँ किस उपन्यास की हैं ?

''जब हमारी गरदन दूसरों के पैरों के नीचे दबी हुई है तब अकड़कर निर्वाह नहीं हो सकता।''

(A) सेवासदन (B) ग़बन

(C) रंगभूमि (D) गोदान

64. ''कण्ठे मेखला नितम्बफलके तारेण हारेण वा'' इस पंक्ति का संबंध किस सम्प्रदाय से है ?

(A) औचित्य सम्प्रदाय

(B) अलंकार सम्प्रदाय

(C) ध्वनि सम्प्रदाय

(D) वक्रोक्ति सम्प्रदाय

65. ''साहित्य की परम्परा के मूल्यांकन की समस्या आलोचना की महत्वपूर्ण समस्या है।''—यह कथन किसका है ?

(A) विश्वनाथप्रसाद तिवारी (B) डॉ. निर्मला ज़ैन

(C) रामविलास शर्मा (D) नंददुलारे वाजपेयी

66. रससूत्र के किस आचार्य के अनुसार रस की निष्पत्ति नहीं, अनुमिति होती है ?

(A) भट्टलोल्लट (B) अभिनवगुप्त

(C) भट्टनायक (D) शंकुक

67. "ये ही प्रोफेसर और डॉक्टर, मजदूरों और किसानों का राज्य चाहते हैं। उद्देश्य अच्छा है पर अभी इसमें वास्तविकता कम है", यह कथन है :

(A) नंददुलारे वाजपेयी का (B) डॉ. नगेन्द्र का

(C) डॉ. नामवर सिंह का (D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल का

68. 'कविता क्या है' ? का प्रकाशन किस पत्रिका में सबसे पहले हुआ था ?

(A) आनन्द कादम्बिनी (B) समालोचक

(C) सरस्वती (D) कविवचन सुधा

69. निम्नलिखित में से किसकी रचना रामचंद्र शुक्ल ने नहीं की ?

(A) भ्रमरगीत सार (B) रसमीमांसा

(C) शिल्प और दर्शन (D) जायसी ग्रंथावली की भूमिका

70. किस आलोचक की दृष्टि में मुक्तिबोध का काव्य उनके आत्मसंघर्ष की गाथा है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) डॉ. रामविलास शर्मा

(C) नामवर सिंह

(D) इलाचन्द्र जोशी

71. 'शब्द और कर्म' किसकी आलोचनात्मक कृति है ?

(A) नामवर सिंह

(B) मैनेजर पांडेय

(C) देवराज

(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

72. 'पोएटिक्स' ग्रंथ किसने लिखा है ?

(A) होमर

(B) प्लेटो

(C) अरस्तु

(D) क्रोचे

73. केथार्सिस (Catharsis) शब्द, जिसका प्रयोग अरस्तु ने किया है, उसका हिन्दी अनुवाद है :

(A) परिष्करण
(B) शुद्धि
(C) रेचन
(D) विरेचन

74. 'उदात्तता का गुण साहित्य को सच्चे अर्थों में प्रभावपूर्ण बना देता है।' यह कथन किसका है ?

(A) होरेस
(B) लोंजाइनस
(C) आई. ए. रिचर्ड्स
(D) वर्ड्सवर्थ

75. इनमें से किसे रोमांटिसिज़्म का घोषणा-पत्र कहा जाता है ?

(A) लिरिकल बेलेड्स की भूमिका

(B) प्रोमैथ्यूज़ अनबाउंड

(C) पेरिहुप्सुस

(D) द फंक्शन ऑफ क्रिटिसिज़्म

## ROUGH WORK

SEAL